Seat No. : _______________

TT-106

M.A. Sem.-III
May-2013

Hindi : (504-EA)

(दलित साहित्य)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (१) कुल अंक **७०** हैं ।
(२) हरेक प्रश्न **१४** अंक का है ।

१. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचनानुसार लिखिए :

(क) **६००-७००** शब्दों में अपना उत्तर लिखिए । १०

दलित शब्द की परिभाषा देते हुए दलित साहित्य की अवधारणा को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

'दलित साहित्य जन साहित्य है ।' इस संदर्भ में दलित साहित्य की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए ।

(ख) **२००** शब्दों में अपना उत्तर लिखिए । ४

दलित लेखन और गैर दलित लेखन में अंतर

अथवा

दलित चेतना में ज्योतिबा फुले का योगदान

२. **६००-७००** शब्दों में अपना उत्तर लिखिए । १०

(क) दलित साहित्य के सौंदर्य शास्त्र की आवश्यकता क्यों पडी ? – स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

प्रतिबद्धता ही दलित साहित्य का सौंदर्य विधान है – इस कथन की चर्चा कीजिए ।

(ख) **२००** शब्दों में अपना उत्तर लिखिए । ४

दलित साहित्य में भाषा का प्रयोग

अथवा

दलित साहित्य के वैचारिक आधार

३. **६००-७००** शब्दों में अपना उत्तर लिखिए । १०

(क) 'दोहरा अभिशाप' में लेखिका ने अस्पृश्य समाज में झेली हुई मानसिक यातनाओं को खुले मन से लिखा है – स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

'दोहरा अभिशाप' में कौशल्याजी ने न सिर्फ अपनी परंतु तीन पीढ़ियों के स्त्री संघर्ष को शब्दबद्ध किया है – स्पष्ट कीजिए ।

(ख) **२००** शब्दों में अपना उत्तर लिखिए । ४

'दोहरा अभिशाप' - शीर्षक की सार्थकता

अथवा

'दोहरा अभिशाप' में आजी के चरित्र का महत्त्व

४. (क) **६००-७०० शब्दों में अपना उत्तर लिखिए ।** **१०**

दलित आत्मकथाकार अतीत की भद्दी तस्वीरें देखते हैं – 'जूठन' के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

अथवा

'जूठन' में लेखक के व्यक्तिगत अनुभवों के साथ ही दलित समाज के समष्टिगत अनुभवों की अभिव्यक्ति है – स्पष्ट कीजिए ।

(ख) **२०० शब्दों में अपना उत्तर लिखिए ।** **४**

'जूठन' में सलाम प्रथा की नाबूदी

अथवा

बस्ती के लोगों का धार्मिक विश्वास

५. (क) सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **७**

(१) दलित साहित्य का शक्तिपूँज किसे माना जाता है ? (गांधीजी, ज्योतिबा फुले, डॉ. अम्बेडकर)

(२) दलित लेखकों की साहित्य में घुसपैठ करके आरक्षण माँगने की नीयत है - यह कथन किसका है ? (रामचन्द्र शुक्ल, नामवरसिंह, मुद्राराक्षस)

(३) हिन्दी की सर्वप्रथम दलित आत्मकथा कौन सी है ? (जूठन, अपने अपने पिंजरे, मैं भंगी हूँ)

(४) 'जूठन' पर प्रथम संगोष्ठी का आयोजन दिल्ली में कब हुआ ? (१९९५, १९९७, १९८८)

(५) श्री वाल्मिकी को सर्वप्रथम अक्षरज्ञान किससे प्राप्त हुआ ? (सेवकराम मसिही, हस्फूलसिंह, कलीराम)

(६) कौशल्या बैसंत्री का बचपन का नाम क्या है ? (सविता, कचरी, उरकूडी)

(७) 'दोहरा अभिशाप' का प्रथम प्रकाशन कब हुआ ? (१९९९, २००५, २००९)

(ख) निम्नलिखित विधान सही है या गलत बताइए । **७**

(१) दलित साहित्य जीवन के कटु यथार्थ से रुबरु होता है ।

(२) 'अगली सदी दलित साहित्यकारों की होगी' – यह कथन ओमप्रकाश वाल्मिकी का है ।

(३) दलित आत्मकथाएँ लिखने की प्रेरणा दलित साहित्यकारों को ज्योतिबा फुले से मिली ।

(४) शरणकुमार लिम्बाले की आत्मकथा 'अक्कामाशी' को उपन्यास विधा के अंतर्गत माना जाता है ।

(५) ओमप्रकाश वाल्मिकी के पिताजी उनको मुंशीजी कहकर बुलाते थे ।

(६) 'दोहरा अभिशाप' में लेखिका ने महिला शिक्षा पर अधिक जोर दिया है ।

(७) 'दोहरा अभिशाप' मूलतः मराठी में लिखित आत्मकथा है ।